आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 01.08.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर द्वीपों में ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की।
- सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने की दिशा में पुलिस महानिदेशक ने अग्नि दुर्घटना प्रमाणपत्रों के ऑनलाइन वितरण का उद्‌घाटन किया।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में सतत जल अपशिष्ट प्रबंधन और उर्जा पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- विश्‍व स्तनपान सप्ताह आज से सात अगस्त तक मनाया जाएगा।
- कला और संस्कृति विभाग में दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर द्वीपों में ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान सांसद ने विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं पर एक ज्ञापन सौंपा। अपने पत्र में श्री रे ने कहा कि द्वीपसमूह में लोग पिछले कई सालों से गंभीर बिजली संकट से जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि द्वीपों में रोजाना आधे घंटे से पैंतालीस मिनट तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। पोर्ट ब्लेयर शहर एक पर्यटन स्थल होने के बावजूद भी बिजली की समस्या लम्बे समय से चली आ रही है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि पोर्ट ब्लेयर में ज्यादातर निजी व्यापारी छोटे डीजल जेनेरेटर पर निर्भर है। वहीं पोर्ट ब्लेयर में विद्युत की औसत आवश्यकता लगभग पैंतालीस मेगावाट है, लेकिन बिजली विभाग चार मेगावाट बिजली संयंत्रों के साथ बिजली की मांग को पूरा करने में असमर्थ है। श्री रे ने बताया कि बिजली कटौती के संकट को दूर करने के लिए तैंतीस किलोवाट और ग्यारह किलोवाट के पुराने टाई लाइनों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने पोर्ट ब्लेयर को राष्ट्रीय पावर ग्रिड के जरिए अन्य क्षेत्रों से जोड़ने के लिए समुद्र के नीचे केबल बिछाने के प्रस्ताव की सराहना की। सांसद ने द्वीपवासियों को बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए एक विशेषज्ञ टीम के हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। श्री रे ने सुझाव दिया कि विद्युत मंत्री न्युक्लियर पावर जेनरेटर के माध्यम से भी द्वीपों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। तकनीकी मुद्दों के अलावा सांसद ने विभाग के अन्य मुद्‌दों को भी केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखा।

<><><><><><><>

सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कल पुलिस मुख्यालय में अग्नि दुर्घटना प्रमाण पत्रों के ऑनलाइन वितरण का उद्घाटन किया, जो द्वीपसमूह के निवासियों के लिए डिजिटल सशक्तिकरण एवं सुविधा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस सेवा के शुरू हो जाने से द्वीपसमूह के दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों के लिए आसानी होगी। डिजिटल प्लेटफार्म पर यह बदलाव सार्वजनिक सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और पहुंच में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और भारतीय उद्योग परिसंघ नई दिल्ली के सहयोग से द्वीपसमूह के लिए सतत् जल, अपशिष्ट प्रबंधन और उर्जा पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उदघाटन आज सुबह नौ बजे मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा किया जाएगा। कार्यशाला का उददेश्य संस्थान और उद्योग सम्पर्क को सुविधाजनक बनाना, क्षेत्र की अनूठी चुनौतियों के लिए स्थाई समाधान को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

डिजिटल इंडिया मिशन को सफल बनाने और बिलों के भुगतान प्रणाली को नकदी रहित बनाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से साईट कार्यालयों और सामान्य सेवा केन्द्रों में ऊर्जा बिल के भुगतान को एकत्र करने का कार्य बंद किया जा रहा है। आज से पूरे दक्षिण अंडमान ज़िले मे अब उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान ऊर्जा पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन कर पाएंगे। ऊर्जा पे के माध्यम से भुगतान करने के संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए उपभोक्ता अपने साइट कार्यालय या केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में निशुल्क नम्बर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक डायल कर संपर्क कर सकते है।

इस बीच, आज टेलराबाद क्षेत्र में एन टी एस जंक्शन के समीप पेड़ों की कटाई के चलते टेलराबाद और बिम्बलीटान फीडर से सुबह आठ बजे से दिन में बारह बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

विश्व स्तनपान सप्ताह आज से सात अगस्त तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है क्लोसिंग द गैपः ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल। इसका उद्देश्य स्तनपान के लिए पिता, परिवार, स्वास्थ्य सेवा बल और

समुदाय के समर्थन पर जोर देना है। स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए सुरक्षित और सहायक वातावरण का निर्माण करना शामिल है, ताकि नई माताएं पर्याप्त सहायता प्राप्त कर आत्मविश्वास के साथ स्तनपान करा सके। छः महीने से दो वर्ष तक स्तनपान कराने के लिए माताओं में जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के माध्यम से समुदाय स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

माहव्यापी पचहत्तरवां वन महोत्सव कल समाप्त हो गया है। मध्य अंडमान वन प्रभाग की ओर से एक महीने तक कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आम जनता, स्कूली विद्यर्थियों, पंचायती राज संस्थान के सदस्यों और विभिन्न विभागों के सहयोग से डेढ़ लाख से अधिक पौधे लगाए गए। महोत्सव के दौरान आम जनता को पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस वर्ष वन महोत्सव नारी शक्ति के विषय के अलावा एक पेड़ मां के नाम पर आयोजित किया गया। कल आयोजित समापन समारोह के अवसर पर रंगत तहसील के अंतर्गत विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी मुख्य अतिथि थीं। प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. अब्दुल खय्यूम ने अपने संबोधन में कहा कि जो पेड़ लगाता है, वह आशा लगाता है और हम सभी को पौध रोपण के बाद की देखभाल पर विशेष ध्यान देना चाहिए और कम से कम तीन साल तक पौधे का सही तरीके से पोषण करना चाहिए। इस दौरान कदमतला रेंज के अंतर्गत फूलतला निवासी स्वर्गीय प्रहलाद बिश्वास के मानव–पशु संघर्ष के दौरान मृत्यु होने के कारण उनकी पत्नी को सरकारी मुआवजा दिया गया। कार्यक्रम में एक वीडियो भी दिखाया गया, जिसमें चारो ओर हरियाली के लिए पेड़ लगाने पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग में दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। चित्रकला कार्यशाला के लिए पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर दस कलाकारों का चयन किया जाएगा। कार्यशाला के समापन के बाद आम जनता के लिए गांधी पार्क स्थित कला दीर्घा में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इच्छुक कलाकार अपना आवेदन कला एवं संस्कृति विभाग के कार्यालय में तीन अगस्त से पहले जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा पोर्ट ब्लेयर तहसील के अंतर्गत अबर्डीन क्षेत्र में पांच सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को खाली कराया गया। दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त ने आम जनता से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम के जलक्रीड़ा परिसर स्थित स्वीमिंग पुल के मरम्मत कार्य के चलते आज से बंद रहेगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्षा एम रजनी ने कल परिषद के अभियंता और विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय के सदस्य सचिव के साथ शोर प्वाइंट और फरारगंज का दौरा किया। दौरे का उद्देश्य स्कूलों की वर्तमान स्थिति का आंकलन करना और उसमें सुधार करना था। फरारगंज के दौरे के दौरान विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शिवानी सिंह ने विद्यालय की आवश्यकताओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विवेकानन्द केन्द्र जिला परिषद विद्यालय शोर प्वाइंट की प्रधानाध्यापिका सीता दास ने विद्यालय की गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया और बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>